प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भो□ाल

दो□हर समाचार

दिनांक 10.12.2024 समय: 2.10 PM

मानवाधिकार दिवस

आज मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष दस दिसंबर को मानवाधिकारों के संबंध में सार्वभौम घोषणा की याद में यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस का विषय है- हमारे अधिकार, हमारा भविष्य। नई दिल्ली में मानवाधिकार दिवस के अवसर □र राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्र□ति द्रो□दी मुर्मु ने कहा है कि भारत ने गरीबी और भुखमरी को समाप्त करने तथा युवाओ को समान अवसर प्रदान करने के लिए नीतियां लागू कर के दुनिया के सामने उदाहरण □श किया है। राष्ट्र□ति ने कमज़ोरों की आवाज़ बनने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, न्याय□ालिका और मुख्य हितधारकों समेत अन्य आयोगों के प्रयासो की सराहना की।

जबल□ुर में केंद्रीय मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ अरूण मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्रता और समानता से जीवन जीने का अधिकार है।

भो□ाल में महिला सुरक्षा शाखा □ुलिस मुख्यालय द्वारा एक विशेष मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का समा□न □ुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बोट क्लब □र किया। अन्य शहरों में भी इस अवसर □र अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं.

संघ लोक सेवा आयोग

संघ लोक सेवा आयोग - यू □ी एस सी ने सिविल सेवा मुख्य □रीक्षा 2024 के नतीजे घोषित कर दिए हैं। □रीक्षा में सफल हुए उम्मीदवार अब भारतीय

प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा, भारतीय □ुलिस सेवा और अन्य केन्द्रीय सेवाओं के लिए साक्षात्कार में शामिल होंगे। उम्मीदवारों के साक्षात्कार की तिथि बाद में अधिसूचित की जाएगी।

बुरहान□ुर फायर सेफ्टी

बुरहान□ुर में अब अस्□ताल और होटल सहित 15 मीटर से ऊंचे भवनों के लिए फायर सेफ्टी प्रमाण □त्र होना जरूरी किया है। 31 दिसंबर तक प्रमाण □त्र लेना होगा, नहीं तो हर दिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जायेगा। कलेक्टर भव्या मित्तल ने शहर-ग्रामीण क्षेत्र में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र के प्रकरणों के लिए कलेक्टर, नगर □ालिका □रिषद के लिए संभागीय संयुक्त संचालक अग्निशमन प्राधिकारी होंगे।

यात्री सुविधा,नीमच

यात्रियों की यात्रा सुखद, सुविधाजनक एवं आरामदायक हो इसके लिए □श्चिम रेलवे का रतलाम मंडल द्वारा यात्रियों का □ूरा ध्यान रखा जा रहा है। यात्रा के दौरान यात्रियों को बेडिंग मटेरियल भी उ□लब्ध कराया जाता है। यात्रियों को बेडिंग मटेरियल साफ एवं स्वास्थ्यकर हो इसके लिए भी रेलवे विशेष ध्यान रखा जाता है। रतलाम मंडल के इंदौर एवं डॉ. अम्बेडकर नगर से औसतन प्रतिदिन 11 ट्रेनों के 75 कोचों में 12 हजार सेट की उ□लब्धता सुनिश्चित की जाती है. इसमें प्रति दिन 24 हजार नग बेड शीट,12 हजार नग □िलो कवर और 12 हजार नग फेस टॉवेल यात्रियों को दी जाती है।

मौसम

प्रदेश में बर्फीली हवाओं की वजह से ठिठुरन बढ़ गई है। इससे भो□ाल, इंदौर-ग्वालियर समेत प्रदेश के कई शहरों में रात का ता□मान 10 डिग्री से नीचे है। अगले 24 घंटे में □ारा और भी लुढ़क सकता है. वहीं, कल से प्रदेश में शीत लहर भी चलने लगेगी। मौसम विभाग ने 11, 12 और 13 दिसंबर को धार, गुना-अशोकनगर में शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है। वहीँ, अगले 48 घंटे के दौरान दिन-रात के ता□मान में गिरावट हो सकती है। खासकर रात में □ारा 2-3 डिग्री तक कम हो सकता है। शिव□ुरी प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां कल न्यूनतम ता□मान 6.8 डिग्री दर्ज किया गया।

समाचार संक्षेप में ...

- मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के सर्वांगीण विकास एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में चर्चा की।

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण-पीएम पोषण योजना के अन्तर्गत खाद्‌य सामग्री के खर्च में 13 दशमलव सात प्रतिशत की वृद्‌धि की है। संशोधित दर इस महीने की एक तारीख से लागू हो जाएगी।

- बुरहानपुर जिलेभर में डिजिटल अरेस्ट को लेकर स्कूलों में छात्र छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत हैदरपुर के पीएमश्री शासकीय हाईस्कूल में पुलिस विभाग की ओर से विद्‌यार्थियों को जागरूक किया गया।

- भोपाल में महापौर मालती राय ने स्मार्ट सिटी स्थित कंट्रोल रूम में "महिला महापौर हेल्पलाइन" के तहत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की एवं लाभार्थियों से फीडबैक लिया

....